## एक नजर में

### केन्द्रीय गृह मंत्री से अर्चना चिटनिस ने की मुलाकात



### बुरहानपुर में केन्द्रीय पुलिस बल की किसी इकाई के मुख्यालय अथवा प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना हेतु पुन: रखी मांग

**बुरहानपुर।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस ने मुलाकात कर समसामयिक विषयों पर चर्चा की। श्रीमती चिटनिस ने बुरहानपुर में केन्द्रीय पुलिस बल की किसी इकाई के मुख्यालय अथवा प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना के लिए पुन: निवेदन किया। श्रीमती चिटनिस द्वारा पूर्व में भी इस संबंध में रखी गई मांग पर पूर्व गृह मंत्री श्री शाह द्वारा कहा गया कि उन्हें स्मरण है अतिशीघ्र कुछ न कुछ उक्त विषय में निर्णय करने के लिए आश्वस्त किया।

चिटनिस ने केन्द्रीय गृह मंत्री को अपने क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति व जनसंखिकी की जानकारी देते हुए बताया कि कई कारणों से निमाड़ अत्यंत संवेदनशील है। विगत वर्षों में बुरहानपुर,खंडवा सहित निमाड़ क्षेत्र में घटित विभिन्न घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए बुरहानपुर में केन्द्रीय पुलिस संगठन के किसी उपयुक्त घटक की इकाई का मुख्यालय अथवा प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित किया जाना जरूरी है, ताकि केन्द्रीय पुलिस बल की उपस्थिति के प्रभाव से विघटनकारी व अतिवादी गतिविधियों पर अंकुश लगेगा और ऐसे तत्वों का मनोबल गिरेगा। प्रशिक्षण केंद्र स्थापना या मुख्यालय हेतु आवश्यक स्थल की दृष्टि से बुरहानपुर जिले में पर्याप्त भूमि उपलब्ध कराई जा सकती है।

ज्ञात रहे अर्चना चिटनिस ने इस विषय पर प्रदेश सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को भी अत्यावश्यक जानकारियां उपलब्ध कराई और इस मांग को रखते हुए केन्द्र सरकार से मुख्यालय या प्रशिक्षण केंद्र स्थापना हेतु सहयोग चाहा हैं।

### पोस्ट ऑफिस की समसयाओं के लेकर सौंपा ज्ञापन



**बुरहानपुर।** बुरहानपुर मे केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य के नाम सांसद ज्ञानेश्वर पाटील के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया । यह ज्ञापन सांसद की अनुपस्थिती में उनके पीए संतोष जायसवाल एंव पोस्ट मास्टर बुरहानपुर को सौपा गया। ज्ञापन में बुरहानपुर पोस्ट ऑफिस मे आए दिन होने वाली समस्या से अवगत कराया गया । बुरहानपुर मुख्य डाकघर मे दो काउंटर चलाने की व्यवस्था है । लेकिन पिछले एक माह से एक ही काउंटर चलाया जा रहा है ।इससे सरकार द्वारा चलाई जा रही सुकन्या समृधी योजना मे पैसे जमा करने मे लोगो को दो से तीन धंटे का समय लग रहा है । इस सिलसिले मे डाक अधीक्षक,खंडवा से भी मुलाकात की लेकिन पणिाम सकारात्मक नहीं आए । प्रिंटर मशीन भी खरब पडी है । जनरेटर भी कार्य नही करता है । ज्ञापन देने वालो मे सर्वश्री पंकज त्रिपाठी, हितेष गाँधी, जितेंद्र ठाकुर,संदीप खरे, नीता पाटीदार,सरीता भगत, नारायण शाह, हरेश नासानी, उमेश घोम,सचिन राउत, शोभालाल शर्मा, दीपक कासकेडीकर, अकोलेकर, सतीश निकम,योगेश पांडे आदि प्रमुख थे।

### सुंदरकांड का कार्यक्रम संपन्न



**बुरहानपुर।** भाद्रपद कृष्णपक्ष की एकादशी पर रेणुका फॉरेस्ट कॉम्पस ए रावरतन हनुमान मंदिर परिसर में संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन किया गया । कार्यक्रम प्रमुख हरीशकुमार राठौर ने भारतीय संस्कृति एवं सनातन धर्म के प्रति आस्था जताकर राष्ट्रप्रेम,भाईचारा एवं आपसी सौहार्द के उद्देश्य से इस भव्य अनुष्ठान में धर्म जन जागृति हेतु अपने लाडले सुपुत्र प्रिय शिवांश हरीशकुमार राठौर के जन्मोत्सव के माध्यम से धर्म.आस्था के प्रति प्रेरित किया ।विभिन्न धर्म.जाति को सादर आमंत्रित कर एक विशाल भंडारा अर्थात् महाप्रसादी के रूप में अपनी भावनाओं को सार्थकता प्रदान कर निरुपित किया । उक्त धार्मिक अनुष्ठान की इस आहुति में नगर के प्रतिनिधि प्रतिष्ठित,गणमान्य एवं सुप्रसिद्ध कवि एवं वरिष्ठ साहित्यकार वीरेन्द्रसिंह ठाकुर ने अपने काव्यात्मक उद्बोधन से सम्बोधित कर शुभाशीष देकर कार्यक्रम को पूर्णविराम दिया ।

### आर्ट ऑफलिविंग का सत्संग आज सीलमपुरा राम मंदिर परिसर में होगा



**बुरहानपुर।** आध्यात्मिक संस्था आर्ट ऑफ़लिविंग का सत्संग आज गुरुवार रात्रि 9 बजे सीलमपुरा गोशाला के पास स्थित राम मंदिर भवन के परिसर में होगा।संस्था के केंद्र प्रमुख संतोष देवताले और सत्संग आयोजक जितेन्द्र श्रॉफने बताया कि आज के सत्संग मे व्यक्ति विकास केंद्र के साधक भरत श्राफभरत रावलए विजय दुम्बानीएराजेंद्र पंवारए दीपाली पंडितए राजरानी मेहताए अश्विनी मेहता ईश्वरीय आराधना और गुरुभक्ति पर आधारित मनमोहक भजनो की प्रस्तुति देंगे तथा जीवन दर्शन पर आधारित गुजराती गीतों के माध्यम से अभी अभी दिवंगत हुए गुजराती समाज के वरिष्ठ समाजसेवी रमेश भाई श्रॉफको पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। प्रशिक्षक रविंद्र पंडित एस्नेहा मूंगीएके द्वारा संस्था की आगामी गतिविधियों की जानकारी दी जाएगी। संस्था से जुड़े अलका श्राफए सुरेंद्र श्रॉफए दीपक अदमने ए रश्मि श्रॉफसीमा श्रॉफएसंजय मुंगी धर्मेन्द्र जड़िया अनिल जड़िया ने समस्त संस्था सदस्यों और नगरवासियों से सत्संग ने उपस्थिति का अनुरोध किया है।

### ग्लोबल स्किल पार्क के भ्रमण पर गए आईटीआई विद्यार्थी

**बुरहानपुर।** संचालक कौशल विकास मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था ;आईटीआईद्ध नेपानगर के 40 प्रशिक्षणार्थियों को मण्प्रण् की उत्कृष्ट संस्था संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क भोपाल भ्रमण के लिए भेजा गया। प्राचार्य श्री रमेश बडोले ने जानकारी देते हुए बताया किए भ्रमण हेतु प्रशिक्षणार्थियों का दल 19 अगस्त को रवाना हुआ है। ग्लोबल स्किल पार्क एक मल्टीस्किल पार्क हैए जिसमे अत्याधुनिक स्किल में प्रशिक्षण दिया जाता है। यह पार्क मण्प्रण् शासन व सिंगापुर तकनीकी शिक्षा सेवा संस्थान के सहयोग से संचालित है। इससे रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे।

# जिले में केला अनुसंधान केन्द्र हो स्थापित, ग्रामीण क्षेत्रों में नवीन सड़कों की मिले स्वीकृति


## विकास के प्रयास

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** आज खंडवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने नई दिल्ली में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान से भेंट कर बुरहानपुर जिले में केला अनुसंधान केन्द्र स्थापित करने तथा ग्रामीण क्षेत्रो में नवीन सड़क मार्गो के निर्माण स्वीकृति हेतु पत्र सौंप अनुरोध किया। केंद्रीय मंत्री ने आश्वस्त किया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार जन व किसान हितैषी सरकार है इन मांगो पर सरकार द्वारा सार्थक निर्णय लिया जाएगा।

**एक जिला एक उत्पाद में शामिल है केला फसल:**–सांसद श्री पाटील ने बताया कि मेरे संसदीय क्षेत्र खंडवा के अंतर्गत बुरहानपुर जिला केला उत्पादक हैं। बुरहानपुर जिले में एक जिला एक उत्पाद के अंतर्गत केला फसल का चयन किया गया हैं। यहां पर लगभग 26000 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में केले की खेती की जा रही हैं वर्तमान में बुरहानपुर एवं आस.पास कोई केला अनुसंधान केन्द्र नहीं हैं विगत कई वर्षों से केले की फसल में आ रही विभिन्न समस्याओं को ध्यान में रखते हुये केले के उत्पादन में नवीन तकनीकी,रोगों के समय पर निदान,केले का अन्य खाद्य उत्पादों में उपयोग बढाने एवं प्रसंस्करण हेतु अनुसंधान केन्द्र की अत्यंत आवश्यकता है।

**किसानों के लिये होंगी बड़ी सौगात:**– सांसद पाटील ने आग्रह किया कि अनुसंधान केन्द्र की स्थापना से चार प्रमुख क्षेत्रों में उद्यानिकी फसलों में सुधार, फसल उत्पादन, फसल कटाई के बाद प्रबंधन तथा उत्पादित फसलो के संरक्षण पर काम कर किसानों को इसका लाभ मिलेगा। इस अनुसंधान में टिशु कल्चर, जैव प्रौद्योगिकी,मृदा विज्ञान, पोषक तत्व प्रबंधन,शरीर विज्ञान,जैव रसायन, क्रीडा विज्ञान, सुत्रकृमि, कवक, शुष्म जीवाणु, वायरल विकृति विज्ञान और कटाई के बाद प्रौद्योगिकी अनुसंधान के लिये अच्छी तरह सुसज्जित प्रयोगशाला भी स्थापित होती है। जिससे किसानों को लाभ मिलेगा। बुरहानपुर जिले में केला अनुसंधान केन्द्र स्थापित होता है तो यह मेरे संसदीय क्षेत्र के किसान भाइयों के लिए बड़ी सौगात होंगी।

### केंद्रीय कृषि मंत्री से मुलाकात : ग्रामीण क्षेत्रो में नवीन सड़कों के निर्माण की मिले स्वीकृति : सांसद ज्ञानेश्वर पाटील



सांसद पाटील ने केंद्रीय कृषि मंत्री को बताया की बुरहानपुर तथा नेपानगर विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रों में नवीन सड़क मार्गों की स्वीकृति मिल जाती है तो ग्रामीण एवं किसानों को आवागमन व खेती उपज लाने ले जाने में सुविधा होंगी। केंद्रीय मंत्री ने विश्वास दिलाया कि जल्द इन मार्गो के स्वीकृति प्रदान की जाएगी। सांसद ने ग्राम आमगांव से शंकरपुरा फाल्या, बाडा जैनाबाद से बाडा टांडा,बाकडी से बोमल्या पाट,बाकडी से नाडिया माल,बाकडी से नवाड ढाना,बाकडी से कोयलपानी,बाकडी से रिचुधाना, बाकडी से अंबापानी, चाकबारा से नवलसिंग फाल्या, चाकबारा से चाकबारा टाडा, चिडियामाल से इसराम फाल्या, हैदरपुर से गोथान मोहल्ला, हैदरपुर से छोटा तालाब मोहल्ला,हथनी चिडिया पानी मार्ग, जामन्या से जवानसिंग फाल्या,ग्राम एकलारा से सुधीर ओंकार के खेत तक,ग्राम दर्यापुर कलां बालीका छात्रावास से फोपनार फटे तक,ग्राम जसोंदी मेन रोड से युवराज भगवान के खेत तक,जलगांव जामोद रोड से तारापाटी तक,ग्राम मोरदड मेन रोड से पंचायती ट्युबवेल तक,ग्राम सिरसोदा में उत्तम बंशी के खेत से गोकुल बालु के खेत तक,ग्राम असीर में धुलकोट रोड से बरू नाला,ग्राम धुलकोट मेन से देशमुखी फाल्या तक,ग्राम उमरदा पुरुषोत्तम मनोहर चौधरी के खेत से डिगम्बर महाजन के खेत तक,ग्राम सांईखेडा कला से ग्राम सायर तक,ग्राम नसीराबाद फटे से विष्णु सेठ के खेत तक,ग्राम निम्ना लालटेकरी से मुनसिंग नहारसिंह के खेत तक,ग्राम मोरदड खुर्द में प्रभु श्रावण के खेत से दारूखोरया के खेत तक नवीन मार्गों की स्वीकृति हेतु पत्र सौंपा।

## डिजिटल भारत की नींव स्व . राजीव गांधी ने दशकों पहले रखी थी : टांक

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं संचार क्रांति के जनक स्वर्गीय श्री राजीव गांधी जी की जयंती के अवसर पर कमल तिराहा पर जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा स्वर्गीय राजीव गांधी जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर आधुनिक भारत के लिए उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया गया। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रिंकु टांक ने बताया कि स्वर्गीय राजीव गांधी जी सद्भावना के सिपाही थे, आज के डिजिटल भारत की नींव दशको पहले राजीव गांधी जी ने प्रधानमंत्री रहते रखी थी, राजीव गांधी जी ने ही वोटिंग की उम्र 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष की थी जिससे युवाओं की लोकतंत्र में भागीदारी और मजबूत हुई। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष हमिद काजी ने बताया कि कि स्वर्गीय राजीव गांधी जी आज के डिजिटल भारत के आर्किटेक्ट हैं।




कांग्रेस प्रवक्ता निखिल खंडेलवाल द्वारा कहा गया कि स्वर्गीय राजीव गांधी जी देश के इतिहास के सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री बने। जिस जोश और जज्बे के साथ उन्होंने देश की सेवा की विज्ञान एवं संचार की क्रांति लाएं उसी का नतीजा है कि आज भारत दुनिया के विकसित देशों में से एक है। आज भी राजीव गांधी जी अपने विचारों के माध्यम से आज भी देश के करोड़ों देशवासियों के अंदर जीवित है।

उक्त सद्भावना दिवस कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष रिंकु टांक, पूर्व विधायक हमिद काजी, पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह, प्रदेश सहसचिव इंद्रसेन देशमुख, एहफ़ज़ मीर, आसिफ खान, हफ्जि मंसूरी, सरिता भगत, मीनाक्षी महाजन, सलीम कॉटन वाला, फरीद काजी, निखिल खंडेलवाल, तफज्जुल मुलायमवाला, असगर चौधरी, अरुण महाराज जोशी, साजिद अंसारी, आशीष भगत,हुजैफा मुलायम वाला, शेख आरिफ, हेमंत पाटील, असलम खान, फैसल उद्दीन, राज कुमार बचवानी, नईम भाई, रियाज उल हक अंसारी, कृष्ण कुमार सुखवानी, जीया अंसारी, वसीम बक्श, शहजाद नूर,अकरम पठान, बाबा मीर, राजेश भगत, प्रमोद महाजन, शरीफ बैग सहित कई कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रसिद्ध सराफा व्यवसायी रमेश भाई श्राफ दुखद निधन, आज होगा अंतिम संस्कार

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** प्रसिद्ध सराफा व्यवसायी ,फर्म गोविन्ददास सराफ ज्वेलर्स संचालक मंगल भाई श्राफ के बड़े भाई रमेश भाई श्राफ का 19 अगस्त 2025 की रात्रि इंदौर में दुखद निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 21 अगस्त 2025 गुरुवार को किया जाएगा । अंतिम यात्रा सुबह 9.00 बजे रामबाडी राजपुरा बुरहानपुर से सतीयारा घाट जाएगी। रमेश भाई श्राफ दुखद निधन पर शहर के राजनितिज्ञो,समाजसेवीयों,समाजबुधुओं एवं पत्रकारो ने शोक व्यक्त किया है। बतादे कि श्री श्रॉफ परिवार क्षेत्र में समाजसेवी में अग्रणी रहा है। आपके परिवार का धार्मीक स्थलो के संरक्षण एवं संवर्धन में भी लंबे समय से बडा योगदान दंखा गया हैं। इंश्वर उनकी आत्मा को शांती एवं परिवार को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।



## संस्कार भारती द्वारा भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर संगोष्ठी का आयोजन

**नवभारत न्यूज,बुरहानपुर।** कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती द्वारा भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर तिलक भवन पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में पंडित अनिल जी मिश्रा कथा वाचक एवं वरिष्ठ साहित्यकार संतोष जी परिहार ने अपना व्याख्यान दिया। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलन द्वारा किया गया एवं मंत्री ऋणाल मालवीय ध्येय गीत की प्रस्तुति दी गई। पश्चात इस अवसर पर मंत्री श्री संदीप शर्मा जी द्वारा अतिथियों का शॉल एवं श्रीफल दे कर सम्मान किया गया।



संगीत शिक्षिका सीमा टेमले द्वारा मराठी भजन एवं संस्था के खुशी गुप्ता एवं हर्षिका गुप्ता द्वारा कृष्ण भजन की प्रस्तुति दी गई एवं व्याख्यान में परिहार जी ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण का जीवन विविधताओं से भरा हुआ रहा कभी माखन चुराते कभी ,बंसी बजाते कभी, गोवर्धन पर्वत उठाते हैं, कभी गाय चराते हैं। अनेकों राजा महाराजाओं के साथ सम्राट, चक्रवर्ती सम्राट,राजा, महाराजा इस प्रकार लिखा जाता है किंतु कृष्ण भगवान को आज भी बाल गोपाल मुरली वाले उनकी लीलाओं के आधार पर नामकरण किया गया है।

श्री मिश्रा जी ने श्री कृष्ण भगवान के चरित्र वर्णन में उनके जीवन के अलग.अलग प्रसंग जैसे कृष्ण जन्म,पुतना का उद्धार, रुक्मणी एवं कृष्ण विवाह की कथा आदि को स्पर्श करते हुए कहा कि सनातन ही कृष्णा है और कृष्ण ही सनातन है। इस अवसर पर प्रांत लोकसंगीत विधा संयोजक गजानन वारूड़े ,दीपक डोले ,सुमित गुप्ता,अथर्व मालवीय,एमके सरोज, समर्थ जाधव, देवांग तिवारी, विशाल महाजन,अनिल गुप्ता,मातृशक्ति जयश्री जाधव, श्रीमती वैशालीजी द्रविंद्र मोरे, श्रीमती स्नेहलता मुकेश पूर्वे, श्रीमती निशा मूलतकर आदि गणमान्य उपस्थित थे। संस्कार भारती के जिला अध्यक्ष रिषी मुलतकर ने सभी अतिथियों का आभार मना एवं कार्यक्रम का समापन वन्देमातरम गीत के गायन से किया गया।

## संकल्प सुरक्षित एवं स्वच्छ पर्यटन स्थल का आयोजन

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड के अंतर्गत 09 सं 19 अगस्त 2025 तक बुरहानपुर संकुल में श्संकल्प सुरक्षित एवं स्वच्छ पर्यटनश् का आयोजन किया गयाद्य संकल्प के दस दिवसीय कार्यक्रम के तेहत पर्यटन सखियों द्वारा विभिन्न पर्यटन स्थलों पर भ्रमण व विभिन्न गतिविधियाँ करी गई व रक्षा सूत्र बाँधकर बुरहानपुर को सुरक्षित व स्वच्छ रखने का संकल्प लिया व वहाँ आये पर्यटकों को इस अभियान का सन्देश दियाद्य अभियान के तहत पर्यटन सखियों द्वारा स्थानीय प्रशासन, पुलिस प्रशासन से शिकरपुरा थाना प्रभारी कमल सिंह पवार जी व थाने में पदस्त सभी पुलिस दल एवं नागरिकों को रक्षा सूत्र बाँध यह संकल्प दिलाया।




इस पहल का उद्देश्य महिला पर्यटकों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना और प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देना है। द फिफ्थ डायमेंशन एकेडमी तथा प्रशिक्षित युवतियों द्वारा अभियान में पर्यटकों को सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने का संकल्प लिया गया। सुरक्षित एवं स्वच्छ पर्यटन स्थल मेरी जिम्मेदारी अभियान के माध्यम से महिलाओं को समाज में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। पर्यटन सखियों द्वारा सुरक्षित व स्वच्छ पर्यटन थीम पर मेहँदी कम्पटीशनए तिरंगा रैलीए दुकानदारो से शपथ आदि गतिविधियाँ कराई गयी व सभी भाइयों से गुहार की के वह गुटका छोड़े बुरहानपुर को स्वच्छ व सुरक्षित रखने का संकल्प ले की सुरक्षा क्योंकि जिम्मेदारी केवल प्रशासन की ही नहीं बल्कि प्रत्येक स्थानीय नागरिक की भी है ताकि बुरहानपुर में आये पर्यटकों द्वारा बुरहानपुर का बाहर अच्छा मेसेज जाए द्य सखियों द्वारा सुभाष माने जी से भी मुलाक़ात की जिसमें उन्होंने अपने ऐतिहासिक संग्रहों को दिखाया व उनके बारे में बतायाद्य कार्यक्रम में पर्यटन सखी सीमा चौधरी, रुपाली चौहान,वैशाली नेरकर, नीलिमा शाह, उज्ज्वला ठाकुर,ज्योति प्रजापति आदि शामिल हुई व संस्था से डायरेक्टर माधुरी शर्मा, भावना रुंगटा व नोडल ऑफ़िसर अंकिता शर्मा उपस्थित रही।

## प्रताप उत्सव समिति द्वारा अधिकारीगणों से सौजन्य भेंट



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** प्रताप उत्सव समिति सदस्यों ने आज अपरान्ह जिला पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी डिप्टी कलेक्टर पल्लवी पुराणिक एडिशनल कलेक्टर सपना जैन से सौजन्य भेंट कर प्रताप उत्सव समिति की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर आरती संग्रह कार्ड देकर गणेश स्थापना पर्व पर चर्चा की तथा पंडाल आरती में शामिल होने का आग्रह किया। टीम प्रताप उत्सव समिति की ओर से पूर्व पार्षदध्समाजसेवी राजेशजी भगत ,श्यामजी चितारे ,मुकेशजी दुम्बानी ,पूर्व निगम चेयरमैन किशोर कुमार राठौर, दिगंबर चितारे ,नितेश कुमार सोनी आदि शामिल थे।



## नगर निगम चला रहा आवारा पशु पकड़ने का अभियान, लेकिन कर्मचारी कर रहे क्रूरता

**नवभारत न्यूज,बुरहानपुर।** बुरहानपुर नगर में बुधवार के दिन बछबार थी जिस दिन गाय और बछडे की पूजा होती है, इसी दिन नगर निगम ने गायो को पकडने का अभियान चलाया। और इस प्रकार चलाया कि क्रुरता की हदे पार कर दी। बुरहानपुर नगर निगम द्वारा बुधवार के दिन ब्रहमशक्ति नगर,लक्ष्मी नगर में आवारा पशुओ को पकडने का अभियान चलाया गया। दोपहर 1 बजे के लगभग ये पशु पकडे गए । इन्हें गाडी में भरा गया ।रात साढे सात बजे तक यह ट्राला नगर निगम के पास खडा रहा।



निगम कर्मचारीयों द्वारा पशुओ को पकडने के लिए जिस क्रुरता का इस्तेमाल किया गया वह कसाई को भी मात दे देगा। जानवरो विशेषकर गायो को पकडने के लिए पांच. सात आदमी गाय को पकडते है ।उन्हें ट्राले में ले जाते है। ट्राले में ले जाते समय जो क्रुरता दिखायी जाती है वह कसाई को भी मात दे दे। जानवरों को पकडने के लिए रस्सियो का इस्तेमाल किया जाता है जैसे पशु तस्कर मुक्के जानवरो का मुंह बांध देते है ताकि वह आवाज नहीं कर सके। वैसे ही मुंह बांधे जाते है। एक.एक जानवर को तीन.तीन रस्सियो से तीन लोग पकडकर ट्राले में भरते है। एक बजे पकडे गए पशु सात घंटे तक ट्राले में बंद पडे रहे। न उसमें पानी की व्यवस्था थी ना कोई चारा था। इनमें तीन गाय ऐसी थी तो दो.तीन दिन पूर्व ही प्रसव हुई थी। इनके मालिको का कहना था कि ये गाय आप ले जा रहे है तो साथ में बच्चो को भी ले जाइए ताकि बच्चा कम से कम दूध तो पी लेगा और अब मां भी तडप रही है और बच्चा भी तडप रहा है।



आम जनमानस का कहना था कि आम रास्तो पर ,चौराहो पर बैठने वाले पशुओ को पकडा जाए कॉलोनियो में घुमने वाले पशुओ को पकडकर जनता को क्या संदेश देना चाहते है

पांच दिन पूर्व एक बछिया गायब हो गयी ।नगर निगम वाले पकडकर ले गए वह कहा गयी इसका कोई पता नहीं। इच्छापुर गौशाला वालो का कहना था कि दो साल से हमें कोई जानवर प्रशासन ने या नगर निगम ने नहीं दिया। बंभाडा गौशाला वालो का कहना था कि वर्ष 2025 में हमें प्रशासन या पुलिस विभाग ने या बुरहानपुर नगर निगम ने कोई जानवर नहीं दिया। आखिर पांच दिन पूर्व पकडे गए जानवर कहां गए। ये कोई बताने के लिए तैयार नहीं। पशुपालको का कहना था कि अगर पशुओ को थोडी देर के लिए भी छोडेंगे नहीं तो उनके नाखून और उनका खाना कैसे पचेगा और वैष्णव समुदाय में गाय को रोटी खिलाने के बाद कुछ लोग भोजन करते है।

लक्ष्मी नगर, ब्रहमशक्ति नगर में सडको की दुर्दशा के लिए नगर निगम के पास समय नहीं है किंतु जानवरो को पकडने के लिए पैसा है।

## एक नजर

### संस्कृति और पर्यटन मंत्रालय की सलाहकार समिति की बैठक

# संसदीय क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए बने विशेष परियोजना : सांसद पाटील

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** केंद्रीय संस्कृति व पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की अध्यक्षता में संस्कृति और पर्यटन मंत्रालय की सलाहकार समिति की नई दिल्ली में हुई बैठक में खंडवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने सहभागिता कर खंडवा संसदीय क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक स्थलों को देशभर के पर्यटकों से जोड़ने संबंधी विषय को प्रमुखता से रखा।



**धार्मिक और पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है स्थल :**–सांसद पाटील ने बैठक में अपनी बात रखते हुए कहा कि खंडवा संसदीय क्षेत्र में स्थित ओंकारेश्वर, चार कुंड, असीरगढ़ का किला, कुंडी भंडारा, राजा जयसिंह की छतरी, जैन मंदिर बहादरपुर, राम झरोखा मंदिर, कबीर मंदिर,स्वामी नारायण मंदिर, जयंती माता मंदिर, पेशवा बाजीराव ;प्रथम का स्मारक,हनुमंतिया टापू जैसे ऐतिहासिक स्थल हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं। यह स्थल न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैंए बल्कि इनकी प्राकृतिक सुंदरता और ऐतिहासिकता देश.विदेश के पर्यटकों को आकर्षित करने की क्षमता रखते हैं। इन पर्यटन स्थलों के संरक्षण, विकास और विश्व स्तर पर प्रचार.प्रसार के लिए कोई विशेष परियोजना बनाई जाए। साथ ही केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं जैसे स्वदेश दर्शन और प्रसाद योजना के अंतर्गत इन स्थलों को शामिल किया जाए। पर्यटन का विकास न केवल क्षेत्र की आर्थिक प्रगति में सहायक होगा बल्कि इससे स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर भी प्राप्त होंगे। यह हमारे युवाओं को अपने ही क्षेत्र में काम करने का अवसर देगा।

**सांसद ने लोकसभा में रखी थी मांग:**– उल्लेखनीय हैं कि सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने विगत दिनों लोकसभा में संसदीय क्षेत्र खंडवा के धार्मिक व ऐतिहासिक पर्यटन स्थलों को विकसित करने के लिए विशिष्ट परियोजना बनाने की मांग सदन के माध्यम से पुरजोर तरीके से रखी थी। सांसद ने बताया था कि मेरे संसदीय क्षेत्र खंडवा के अंतर्गत कई धार्मिक व ऐतिहासिक स्थल पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। पर्यटन न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देता है बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा करता है। इन अमूल्य धरोहरों का दीर्घकालिक संरक्षण और प्रभावी रखरखाव सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। इन पर्यटन स्थलों का रखरखाव केवल सौंदर्गीकरण का विषय नहीं है, बल्कि यह राज्य के आर्थिक भविष्य और सांस्कृतिक पहचान का भी प्रतीक है। उन्होंने केंद्रीय पर्यटन मंत्री से अनुरोध किया था कि पर्यटन स्थलों के संरक्षण और विकास के लिए कोई विशिष्ट परियोजना चलाई जाए तथा उस हेतु आवश्यक धनराशि आवंटित की जाए या केंद्र सरकार की विभिन्न पर्यटन विकास योजनाओंए जैसे स्वदेश दर्शन और प्रसाद योजना में उक्त पर्यटन स्थलों को सम्मिलित किया जाए , जिससे यह राज्य देश के अग्रणी पर्यटन स्थलों में शुमार हो सके।